केन्द्रीय विद्यालय संगठन/नवोदय विद्यालय समिति

# KVS/NVS
# PRT/TGT/PGT

## Teaching and Non-teaching Post
## PRELIMINARY (QUALIFYING) TIER-I

# परीक्षा प्लानर

## सामान्य जानकारी, कम्प्यूटर साक्षरता, गणित, तर्कशक्ति, भाषाः अंग्रेजी एवं हिन्दी
## अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स


**प्रधान सम्पादक**

Anand K. Mahajan

**लेखन सहयोग**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण, चरन सिंह

**संपादकीय कार्यालय**

**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**© All Rights Reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा.लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।

**₹ 995/-**

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

# विषय-सूची

## सामान्य जानकारी


- **प्राचीन इतिहास ........ 9-13**
- **मध्यकालीन इतिहास ........ 14-16**
- **आधुनिक इतिहास ........ 17-26**
- **विश्व का इतिहास ........ 27-28**
- **भारतीय राजव्यवस्था ........ 29-64**
  - संवैधानिक विकास ........ 29
  - संविधान सभा ........ 29
  - संविधान के स्रोत ........ 30
  - संविधान के भाग एवं अनुसूचियाँ ........ 30
  - संविधान के प्रमुख अनुच्छेद ........ 32
  - प्रस्तावना ........ 34
  - नागरिकता ........ 35
  - मौलिक अधिकार ........ 36
  - मौलिक कर्त्तव्य ........ 38
  - राज्य के नीति-निर्देशक तत्व ........ 39
  - राष्ट्रपति/उपराष्ट्रपति ........ 40
  - प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद ........ 43
  - राज्यसभा ........ 44
  - लोकसभा ........ 44
  - संसद/संसदीय समितियाँ ........ 45
  - राज्यपाल ........ 47
  - विधान परिषद ........ 47
  - विधान सभा ........ 48
  - न्यायपालिका ........ 49
  - संघ एवं राज्य क्षेत्र ........ 50
  - पंचायती राज व्यवस्था ........ 51
  - निर्वाचन ........ 52
  - आयोग/समिति ........ 53

- आपातकाल एवं राष्ट्रपति शासन ............ 54
- संविधान संशोधन/प्रमुख अधिनियम ............ 55
- महान्यायवादी/नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक/महाधिवक्ता ............ 59
- भारत के राष्ट्रीय प्रतीक ............ 60
- विविध ............ 60

**■ विश्व का भूगोल ............ 65-77**

**■ भारत का भूगोल ............ 78-91**

**■ अर्थव्यवस्था ............ 92-106**

**■ परम्परागत सामान्य ज्ञान ............ 107-135**

- कला एवं संस्कृति ............ 107
- पुस्तकें/लेखक ............ 113
- दिन/दिवस ............ 116
- पुरस्कार ............ 120
- अंतर्राष्ट्रीय संगठन/बैंक ............ 124
- अंतरिक्ष कार्यक्रम ............ 128
- भारत का प्रतिरक्षा तंत्र ............ 128
- खेल ............ 129
- प्रमुख संस्थान/मुख्यालय ............ 132
- विश्व/भारत में प्रथम ............ 134
- विविध ............ 134

**■ भौतिक विज्ञान ............ 136-140**

**■ रसायन विज्ञान ............ 141-149**

**■ जीव विज्ञान ............ 150-171**

- कोशिका ............ 150
- Human Physiology ............ 151
- Microorganism ............ 157
- Plant Cell & Tissue ............ 161
- Disease & Treatment ............ 165
- विविध ............ 171

**■ पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण ............ 172-178**


## कम्प्यूटर साक्षरता


**■ कम्प्यूटर साक्षरता ............ 179-258**

- कम्प्यूटर : परिचय ............ 179

■ कम्प्यूटर का विकास ........ 182
■ इनपुट/आउटपुट डिवाइस ........ 184
■ मेमोरी ........ 189
■ डिजाइन टूल्स एवं प्रोग्रामिंग भााषाएँ ........ 196
■ डेटा प्रतिनिधित्व एवं संख्या प्रणाली ........ 197
■ आपरेटिंग सिस्टम/सॉफ्टवेयर ........ 199
■ डेटा संचार ........ 208
■ वायरस/ई-मेल/इंटरनेट ........ 210
■ एम.एस. ऑफिस ........ 214
■ एम.एस. विंडो ........ 233
■ शब्द संक्षेप ........ 235
■ विविध ........ 238
■ साइबर सुरक्षा/सूचना संचार ........ 244
■ गद्यांश पर आधारित प्रश्न ........ 249

## गणित

**■ संख्या पद्धति ........ 259-281**
**■ दशमलव एवं भिन्न ........ 282-285**
**■ घातांक तथा करणी ........ 286-287**
**■ लघुत्तम समापवर्त्य एवं महत्तम समापवर्तक ........ 288-291**
**■ सरलीकरण ........ 292-297**
**■ औसत ........ 298-302**
**■ अनुपात एवं समानुपात ........ 303-305**
**■ प्रतिशतता ........ 306-310**
**■ लाभ एवं हानि ........ 311-316**
**■ छूट या बट्टा ........ 317-322**
**■ साधारण ब्याज ........ 323-325**
**■ चक्रवृद्धि ब्याज ........ 326-329**
**■ मिश्रण ........ 330-334**
**■ कार्य एवं समय ........ 335-342**
**■ नल एवं टंकी ........ 343-344**
**■ समय, चाल एवं दूरी ........ 345-350**
**■ रेलगाड़ी ........ 351-353**

■ नाव एवं धारा ........ 354-355
■ आयु सम्बन्धी प्रश्न ........ 356-358
■ सांख्यिकी ........ 359-359
■ ज्यामिति ........ 359-361
■ संमकों का विश्लेषण ........ 362-365
■ बीजगणित ........ 365-365
■ क्षेत्रमिति ........ 366-375
■ ऊँचाई एवं दूरी ........ 376-679
■ विविध ........ 380-388

## तर्कशक्ति

■ सादृश्यता (Analogy) ........ 389-398
■ कोडिंग-डिकोडिंग (Coding-Decoding) ........ 399-408
■ वर्गीकरण (Classification) ........ 409-416
■ शृंखला (Series) ........ 417-433
■ लुप्त संख्या/अक्षर/पद/आकृति (Missing Number/Letter/Term/Figure) ........ 434-443
■ दिशा परीक्षण (Direction Test) ........ 444-457
■ रक्त संबंध (Blood Relation) ........ 458-472
■ अंकगणितीय संक्रियाएँ (Arithmetical Operations) ........ 473-475
■ वेन आरेख (Venn Diagram) ........ 476-482
■ आरेख-विश्लेषण (Diagram Analysis) ........ 483-488
■ विश्लेषणात्मक तर्क शक्ति (Analytical Reasoning) ........ 489-500
■ न्याय निगमन (Syllogism) ........ 501-508
■ कथन और निष्कर्ष (Statement and Conclusion) ........ 509-519
■ कथन/तर्क/वक्तव्य एवं पूर्वधारणा/अवधारणा/पूर्वानुमान/मान्यता/ कार्यवाही (Statement and Assumption/ Operations) ........ 520-526
■ आकड़ों की पर्याप्तता (Data Sufficiency) ........ 527-530
■ क्रम एवं बैठने की व्यवस्था (Sequence and Sitting Arrangement) ........ 531-544
■ कैलेण्डर-घड़ी (Calendar/Clock) ........ 545-549
■ रेखाओं एवं आकृतियों की गणना (Lines and Figures Counting) ........ 550-556
■ जल एवं दर्पण प्रतिबिम्ब (Water and Mirror Image) ........ 557-557
■ पासा/घन/घनाभ (Dice/Cube/ Cuboid) ........ 558-558
■ विविध (Miscellaneous) ........ 559-568

## हिन्दी


■ वर्णमाला/बोलियाँ ........ 569-571
■ वर्तनी शुद्धि ........ 572-575
■ विलोम ........ 576-584
■ पर्यायवाची ........ 585-594
■ वाक्यांशों के लिए एक शब्द ........ 595-599
■ संधि ........ 600-609
■ समास ........ 610-614
■ संज्ञा से अव्यय तक ........ 615-627
■ मुहावरा/लोकोक्तियाँ ........ 628-636
■ काल ........ 637-637
■ तत्सम/तद्भव ........ 638-344
■ उपसर्ग/प्रत्यय ........ 645-646
■ कारक ........ 647-648
■ वाक्य एवं उसके प्रकार ........ 649-651
■ रस/छंद/अलंकार ........ 652-654
■ हिन्दी साहित्य भाषा/रचना एवं रचनाकार ........ 655-655
■ गद्यांश ........ 656-682
■ विविध ........ 683-690


## अंग्रेजी



■ Part of Speech ........ 691-704
■ Antonyms ........ 705-717
■ Synonyms ........ 718-730
■ One Word Substitution ........ 731-737
■ Idiom/Phrase ........ 738-743
■ Error/ Misspelt ........ 744-758
■ Voice/Active/Passive ........ 759-764
■ Direct/Indirect ........ 765-771
■ Fill in the blank ........ 772-789
■ Tense ........ 790-792
■ Punctuation ........ 793-798
■ Improvement ........ 793-795
■ Parajumble ........ 796-802
■ Passage/Comprehension ........ 803-829
■ Miscellaneous ........ 830-832


# पूर्व प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट

| S.L. | EXAM NAME | EXAM DATE | No. of Questions |
|---|---|---|---|
| 1. | NVS Stenographer | 15.05.2025 Shift-II | 100 |
| 2. | NVS MTS | 17.05.2025 Shift-I | 100 |
| 3. | NVS JSA (JNV) | 18.05.2025 | 130 |
| 4. | NVS JSA | 17.05.2025 | 130 |
| 5. | NVS Computer Operator | 16.05.2025 Shift-I | 130 |
| 6. | NVS Audit Assistant | 15.05.2025 | 90 |
| 7. | NVS Mess Helper | 14.05.2025 | 120 |
| 8. | NVS Junior Translator | 16.05.2025 | 100 |
| 9. | NVS Catering Supervisor | 14.05.2025 | 90 |
| 10. | KVS PRT 2023 | 21 To 11.03.2023 Shift-I,II | 520 |
| 11. | KVS Principal & V.Principal | 2023 | 140 |
| 12. | KVS PGT | 2023 | 490 |
| 13. | KVS TGT | 2023 | 420 |
| 14. | KVS JSA | 01 To 05.03.2023 | 600 |
| 15. | KVS JSA | 21.02.2018 Shift-II | 120 |
| 16. | KVS (LDC_JSA) | 20.02.2018 Shift-III | 120 |
| 17. | KVS (LDC-JSA) | 23-02-2018 Shift 1 | 120 |
| 18. | KVS JSA | 19.02.2018 Shift 1 | 120 |
| 19. | NVS PGT (Morning) | 16.12.2022 | 70 |
| 20. | NVS PGT (Evening) | 16.12.2022 | 70 |
| 21. | NVS PGT (Morning) | 15.12.2022 | 70 |
| 22. | NVS PGT (Evening) | 15.12.2022 | 70 |
| 23. | NVS TGT Librarian (Morning) | 30.11.2022 | 70 |
| 24. | NVS Physical Education (Evening) | 30.11.2022 | 70 |
| 25. | NVS TGT (Evening) | 29.11.2022 | 70 |
| 26. | NVS TGT (Morning) | 28.11.2022 | 70 |
| 27. | NVS Electrical Cum Plumber (Evening) | 08.03.2022 | 70 |
| 28. | NVS JSA (Evening) | 09.03.2022 | 120 |
| 29. | NVS Lab Attendant (Evening) | 09.03.2022 | 70 |
| 30. | NVS Multi Tasking Staff (Morning) | 10.03.2022 | 70 |
| 31. | NVS Multi Tasking Staff (Evening) | 10.03.2022 | 70 |
| 32. | NVS Audit Assistant (Morning) | 11.03.2022 | 70 |
| 33. | NVS Mess Helper (Morning) | 12.03.2022 | 70 |
| 34. | NVS Catering Assistant (Evening) | 19.09.2019 | 90 |
| 35. | NVS LDC Cadre (Morning) | 16.09.2019 | 120 |
| 36. | NVS LDC Cadre (Evening) | 16.09.2019 | 120 |
| 37. | NVS LDC Cadre (Evening) | 16.09.2019 | 120 |
| 38. | KVS PRT | 22.12.2018 Shift-I | 80 |
| 39. | KVS Principal | 2016 | 100 |
| 40. | KVS Vice Principal | 2018 | 100 |
| 41. | KVS TGT | 2018 | 100 |
| 42. | KVS TGT (WE) | 2018 | 100 |
| 43. | KVS LDC | 2015 | 100 |
| | **Total** | | **5770** |

**नोट–** उपरोक्त प्रश्न-पत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त सामान्य जानकारी, कम्प्यूटर साक्षरता, गणित, तर्कशक्ति, भाषाः अंग्रेजी एवं हिन्दी से सम्बन्धित कुल **5770** प्रश्नों को Chapterwise & Topicwise प्रस्तुत किया गया है ताकि प्रश्न पूछने की तकनीकी का प्रतियोगियों को लाभ मिल सके। दुहराव वाले प्रश्नों का परीक्षा वर्ष एवं परीक्षा नाम यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है।

# पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्नों का विश्लेषणात्मक पाई चार्ट एवं बार ग्राफ



# सामान्य जानकारी (General Awareness)

## इतिहास (History)

## 01. प्राचीन इतिहास (Ancient History)

**1. The Ancient city of Harappa was built on the bank of which river?/हड़प्पा का प्राचीन शहर किस नदी के किनारे बनाया गया था?**

(a) Ravi/रावी (b) Satluj/सतलुज
(c) Kosi/कोसी (d) Meera/मीरा

**KVS PRT 21/02/2023 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** हड़प्पा का प्राचीन शहर रावी नदी के तट पर बनाया गया था। सिंधु घाटी सभ्यता की खोज सर्वप्रथम 1921 ई० में पाकिस्तान के पश्चिमी पंजाब प्रांत में स्थित हड़प्पा के आधुनिक स्थल पर की गयी थी। यह स्थल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मोंटगोमरी जिले में स्थित है। सिंधु सभ्यता में खोजा गया सर्वप्रथम स्थल हड़प्पा था। इसीलिए इस सभ्यता का नाम हड़प्पा सभ्यता रखा गया। इस स्थल का सर्वप्रथम उत्खनन दयाराम साहनी द्वारा कराया गया था।

**2. Which of the following Indus Valley civilization sites is not in India?/सिंधु घाटी सभ्यता का कौन-सा स्थल भारत में स्थित नहीं है?**

(a) Kalibangan/कालीबंगा
(b) Rakigarhi/राखीगढी
(c) Lothal/लोथल
(d) Mohenjo-Daro/मोहनजोदाड़ो

**KVS PRT 21/02/2023 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** मोहनजोदाड़ो, सिंधु घाटी सभ्यता का स्थल है, जो भारत में नहीं है। मोहनजोदाड़ो पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लरकाना जिले में सिंधु नदी के तट पर स्थित है। इस स्थल के उत्खनन का कार्य 1922 ई. में राखालदास बनर्जी द्वारा करवाया गया था।

| **स्थल** | | **राज्य** |
|---|---|---|
| कालीबंगा | – | राजस्थान |
| राखीगढ़ी | – | हरियाणा |
| लोथल | – | गुजरात |

**3. Which of the following as the first site where Indus Valley Civilization was discovered?**
**निम्नलिखित में से कहाँ पहली बार सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की गई थी?**

(a) Amri/ अमरी
(b) Kotdiji/कोटदीजी
(c) Harappa/ हड़प्पा
(d) Mohenjodaro/ मोहनजोदड़ों

**KVS TGT 2018**

**Ans. (c) :** सिंधु घाटी सभ्यता का विस्तार पूर्व में हरियाणा, राजस्थान तथा गुजरात से आरंभ होकर पश्चिम के मकरान तट तक है। वर्ष 1921 में दयाराम साहनी एवं 1922 में राखालदास बनर्जी द्वारा क्रमशः हड़प्पा (पंजाब) एवं मोहनजोदड़ो (सिंध), पाकिस्तान की खोज की गई। इस सभ्यता के प्रमुख स्थल रंगपुर (गुजरात), चन्हूदड़ो, सुरकोटदा, मांडा, रोपड़, कालीबंगा, बनावली आदि है।

**4. There are ______ schools of Indian Philosophy known as 'Shad Darshanas'.**
**भारतीय दर्शन के ........... स्कूल हैं जिन्हें 'षड्दर्शन' के नाम से जाना जाता है।**

(a) Six/ छह (b) Eight/आठ
(c) Four/ चार (d) Five/ पाँच

**NVS TGT (Math) 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** भारतीय दर्शन के 6 स्कूल हैं जिन्हें 'षड्दर्शन' के नाम से जाना जाता है। इनमें न्याय, सांख्य, योग, वैशेषिक, पूर्वमीमांसा और उत्तर मीमांसा (वेदांत दर्शन) शामिल है। इन विचारधाराओं में से अधिकांश कर्म और पुनर्जन्म के सिद्धांत में विश्वास करते हैं। मोक्ष को जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्त माना जाता है और यह मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है।

**5. 'Dhanurveda' is related to__________.**
**''धनुर्वेद'' ______ से संबंधित है।**

(a) Archery (weapon)/तीरंदाजी (हथियार)
(b) Music/संगीत
(c) Dance/नृत्य
(d) Magic/जादू

**NVS LDC (JNV CADRE) 16/09/2019 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** धनुर्वेद का सम्बन्ध तीरंदाजी (हथियार) से है धनुर्वेद शब्द 'धनुष' से बना है जिसका अर्थ- 'धनुष' और वेद का अर्थ 'ज्ञान' से है। अतः इसका अर्थ-'धनुर्विद्या' का विज्ञान है। इसके अतिरिक्त 'यजुर्वेद' में 'धनुर्वेद' शामिल है, जो तीरंदाजी के विज्ञान और युद्ध में इसके उपयोग पर एक प्राचीन ग्रन्थ था।

**6. How many Mahajanapadas or 'Great Kingdoms' existed in the ancient India during the lifetime of Lord Gautama Buddha?**
**भगवान गौतम बुद्ध के जीवनकाल में प्राचीन भारत में कितने महाजनपद या 'महान राज्य' मौजूद थे?**

(a) Ten/दस (b) Twelve/बारह
(c) Sixteen/सोलह (d) Fourteen/चौदह

**NVS PGT (Economics) 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** छठी शताब्दी ई.पू. में दूसरी नागरिक क्रांति हुई, जिसमें 16 महाजनपदों का उदय हुआ। बौद्ध साहित्य 'अंगुत्तर निकाय' और जैन साहित्य 'भगवती सूत्र' में सोलह महाजनपद के विषय में वर्णन मिलता है।

| | जनपद | | राजधानी |
|---|---|---|---|
| 1. | काशी | – | वाराणसी |
| 2. | अंग | – | चंपा |
| 3. | कोशल | – | श्रावस्ती |
| 4. | वत्स | – | कौशाम्बी |
| 5. | मगध | – | गिरिव्रज (राजगृह) |
| 6. | वज्जि | – | वैशाली |
| 7. | मल्ल | – | कुशीनगर |
| 8. | मत्स्य | – | विराटनगर |
| 9. | कुरू | – | इन्द्रप्रस्थ |
| 10. | चेदि | – | शक्तिमती |
| 11. | कम्बोज | – | हाटक |
| 12. | गांधार | – | तक्षशिला |
| 13. | पांचाल | – | अहिच्छत्र |
| 14. | अवंति | – | महिष्मती |
| 15. | शूरशेन | – | मथुरा |
| 16. | अश्मक | – | पोतन/पोटली |

**7. Till 6th to 7th century BC What was the collective name of sixteen states or elite kingdoms present in Ancient India?/छठी से सातवीं शताब्दी ईसा पूर्व तक प्राचीन भारत में मौजूद सोलह राज्यों या कुलीन गणराज्यों का सामूहिक नाम क्या था?**

(a) Mahajanpada/महाजनपद
(b) Swarnbhumi/स्वर्णभूमि
(c) Mahadesh/महादेश
(d) Jambudweep/जम्बूद्वीप

**KVS JSA 21/02/2018 (Shift-II)**

**Ans.(a):** बुद्ध के जन्म के पूर्व छठीं शताब्दी ईसा पूर्व में भारतवर्ष 16 राज्यों या कुलीन गणराज्यों में बँटा हुआ था, जिन्हें महाजनपद के नाम से जाना गया। इसकी जानकारी हमें बौद्धग्रंथ अंगुत्तर निकाय से मिलती है।

| महाजनपद | राजधानी |
|---|---|
| अंग | चंपा |
| मगध | राजगृह |
| काशी | वाराणसी |
| वत्स | कौशांबी |
| वज्जि | वैशाली |
| कोशल | श्रावस्ती |
| अवन्ति | उज्जैन |
| मल्ल | कुशावती (कुशीनगर) |
| पंचाल | अहिच्छत्र |
| चेदि | शक्तिमती |
| कुरु | इंद्रप्रस्थ |
| मत्स्य | विराटनगर |
| कंबोज | हाटक (राजपुर) |
| शूरसेन | मथुरा |
| अश्मक | पोतन |
| गांधार | तक्षशिला |

**8. Which of the following words refers to a term for "One who is naked"?**
**निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'जो नग्न है' के लिए एक शब्द को संदर्भित करता है?**

(a) Digambara/दिगंबर
(b) Tirthankar/तीर्थंकर
(c) Kevalin/केवलिन
(d) Shwetamber/श्वेतांबर

**NVS JSA 09/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** प्रश्नगत सभी शब्दों का संबंध जैन धर्म से है। जिनके अर्थ इस प्रकार हैं–

**दिगम्बर**– वस्त्र ना धारण करने वाले जैन धर्म के अनुयायी।

**श्वेतांबर**– वस्त्र (श्वेत) धारण करने वाले जैन धर्म के अनुयायी।

**तीर्थंकर**– जैन धर्म में तीर्थंकर उस व्यक्ति को कहा जाता है जो कठिन तपस्या एवं ध्यान पद्धतियों का प्रयोग कर मोक्ष को प्राप्त होता है। जैन धर्म में कुल 24 तीर्थंकर हुए है।

**केवलिन**– जैन धर्म में ज्ञान प्राप्त व्यक्ति को केवलिन कहा जाता है।

**9. The Sittanvasal cave of the 7th century, which is famous for the illustrative pictures drawn. by Fresco-Sacco technique using mineral pigments (colors) which subject has been illustrated (exhibited) in these panties**
**7वीं शताब्दी की सित्तानवासल गुफा, जो अनेक खनिज रंगों का उपयोग करके फ्रेस्को-सेको तकनीक द्वारा चित्रण के लिए प्रसिद्ध है, में किस विषय को दर्शाया गया है?**

(a) Buddhist Jataka
बौद्ध जातक
(b) Humans performance non - religious
गैर-धार्मिक नृत्य करते मनुष्य
(c) Jain Samvashran
जैन समवशरण
(d) Ramayan & Mahabharat
रामायण और महाभारत

**KVS JSA 20/02/2018 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** सित्तानवासल गुफाओं का सम्बन्ध जैन धर्म से है। यह तमिलनाडु के पुदुकोट्टई जिले के सित्तानवासल गाँव में स्थित है। इनको पाण्ड्य शासकों ने संरक्षण प्रदान किया था। इनके चित्रों को फ्रेस्को-सेको तकनीक द्वारा चित्रित किया गया है।

**10. Which of the following countries has the largest number of followers of theravada that is a branch of Buddhism?**
**बौद्ध धर्म की एक शाखा थेरवाद, के अनुयायियों की संख्या निम्नलिखित में से किस देश में सर्वाधिक हैं?**

(a) Sri-Lanka/श्रीलंका
(b) China/चीन
(c) Japan/जापान
(d) Maldives/मालदीव

**NVS Electrician Cum Plumber 09/03/2022 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** 'थेरवाद या स्थाविरवाद' बौद्ध धर्म की एक प्रमुख शाखा है, जिसके अनुयायियों की सर्वाधिक संख्या श्रीलंका में पायी जाती है। इसके अलावा म्यांमार, कम्बोडिया, वियतनाम, थाईलैण्ड में भी थेरवाद के अनुयायी पाये जाते हैं। यह एक रूढ़िवादी परम्परा है।

**11. In Indian philosophy, who was the Buddhist monk considered the founder of chan Buddhism in China later known as Zen in Japan?/भारतीय दर्शन में, वह कौन सा बौद्ध भिक्षु था जिसे आमतौर पर चीन में बौद्ध धर्म का संस्थापक माना जाता है और जिसे बाद में ज़ेन जापान के नाम से जाना गया?**

(a) Buddha Ghosa/बुद्ध घोष
(b) Bodhi Dharma/बोधि धर्म
(c) Buddha Bhadra/बुद्ध भद्र
(d) Buddha Dhyana/बुद्ध ध्यान

**KVS JSA 23/02/2018 (Shift-I)**

**Ans.(b):** बोधि धर्म एक महान भारतीय बौद्ध भिक्षु एवं योगी थे। इन्होंने चीन जाकर ध्यान संप्रदाय का प्रवर्तन किया। ध्यान संप्रदाय को जापान में जेन के नाम से जाना जाता है।

**12. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below:**
**सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोड से सही उत्तर का चयन कीजिए।**

| | List-I /सूची-I (Events in Buddha's Life) (बुद्ध के जीवन की घटनाएँ) | | List-II /सूची-II (Symbolic representation) (प्रतीक) |
|---|---|---|---|
| (a) | Birth/ जन्म | (i) | Bodhi Tree बोधि वृक्ष |
| (b) | Enlightenment/ ज्ञान | (ii) | Chakra/ चक्र |
| (c) | First sermon/ प्रथम उपदेश | (iii) | Bull/ सांड |
| (d) | Demise/ मृत्यु | (iv) | Stupa/ स्तूप |

(a) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)
(b) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(c) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(i)
(d) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)

**KVS TGT 2018**

**Ans. (b) :** निम्न का सही सुमेलन इस प्रकार है-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| जन्म | बैल/सांड |
| ज्ञान | बोधि वृक्ष |
| पहला उपदेश | चक्र |
| मृत्यु | स्तूप |

**13. The duties of Dharma-Mahamatras appointed by Asoka are enumerated in the following edicts:**
**अशोक द्वारा नियुक्त किए गए धर्ममहामात्रों के कर्त्तव्यों का उसके निम्न अभिलेखों में उल्लेख हुआ है:**

**(i) Rock Edict V/पञ्चम् शिलालेख**
**(ii) Pillar Edict VII/सप्तम् स्तम्भलेख**
**(iii) Rock Edict VI/षष्ठ शिलालेख**
**(iv) Rock Edict XII/द्वादश शिलालेख**
**Code:**

(a) (i) and (iii)/(i) एवं (iii)
(b) (i), (ii) and (iii)/(i), (ii) एवं (iii)
(c) (ii), (iii) and (iv)/(ii), (iii) एवं (ii)
(d) (i) and (ii)/(i) एवं (ii)

**KVS Vice Principal 2018**

**Ans. (a) :** अशोक मौर्य वंश का प्रसिद्ध शासक था। अशोक के अभिलेखों को तीन भाग में बांटा गया है – शिलालेख, स्तंभलेख व गुहालेख। अशोक के शिलालेख की संख्या 14 है। इसके पांचवे तथा छठे शिलालेख में धर्ममहामात्रों के कर्त्तव्यों का उल्लेख हुआ है। अशोक के शिलालेखों की खोज 1750 ई. में टी फैंथेलर ने की तथा पढ़ने में सफलता 1837 ई. में जेम्स प्रिंसेप को मिली।

**14. Which of the following Indian Kings was called 'Amitrochates' by the Greeks, the king of destroyers of enemies?**
**यूनानियों द्वारा निम्नलिखित में से किस भारतीय राजा को 'अमित्रोचेट्स' अर्थात् दुश्मनों का संहार करने वाला राजा कहा जाता था?**

(a) Chandragupta Maurya/चंद्रगुप्त मौर्य
(b) Dashratha/दशरथ
(c) Bindusar/बिन्दुसार
(d) Ashoka/अशोक

**NVS PGT (Economics) 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** बिन्दुसार को 'अमित्रोचेट्स' अर्थात् 'दुश्मनों का संहार' करने वाला राजा कहा गया है। बिन्दुसार (298 - 273 ई.पू.) चन्द्रगुप्त का पुत्र था जो चन्द्रगुप्त की मृत्यु के पश्चात् गद्दी पर बैठा। इसने अपने पिता द्वारा विजित क्षेत्र को पूर्ण रूप से अक्षुण्य बनाए रखा। बिन्दुसार के दरबार में डाइमेकस नामक दूत आया था।

**15. Who was the founder of the Vakataka dynasty in the 3rd Century?**
**तीसरी शताब्दी में वाकाटक वंश के संस्थापक कौन था?**

(a) Nagabhtta/नागभट्ट
(b) Pravarasena/प्रवरसेन

(c) Vindhyashakti/विन्ध्यशक्ति

(d) Rudrasen/रुद्रसेन

**NVS PGT (Hindi) 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** विंध्यशक्ति तीसरी शताब्दी में वाकाटक वंश का संस्थापक था। इसके बाद उसका पुत्र प्रवरसेन प्रथम राजसिंहासन पर बैठा। उसके काल में वाकाटक राज्य बुन्देलखण्ड से लेकर हैदराबाद तक फैल गया। वह सम्राट की उपाधि धारण करने वाला प्रथम शासक था।

**16. King Kanishka of ancient India belonged to which of the following dynasties?**
**प्राचीन भारत के राजा कनिष्क निम्नलिखित में से किस राजवंश से संबंधित थे?**

(a) Kushan/ कुषाण

(b) Kanva/ कण्व

(c) Shunga/ शुंग

(d) Maurya/ मौर्य

**NVS PGT (Biology) 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** कनिष्क का संबंध 'कुषाण वंश' से था। कुषाण वंश का संस्थापक 'कुजुल कडफिसस' था। कनिष्क ने 78 ई. में शक संवत चलाया। कनिष्क बौद्ध धर्म का संरक्षक था तथा इसके शासन में चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन वसुमित्र की अध्यक्षता में कुण्डलवन (कश्मीर) में हुआ। इस बौद्ध संगीति में बौद्ध धर्म हीनयान एवं महायान दो भागों में बट गया। वासुदेव कुषाण वंश का अंतिम शासक था।

**17. A triangular battle (struggle) for suppremacy centred over Kannauj took place in between 7th and 11th century A.D. This struggle took place between which three kingdoms?/भारतीय इतिहास में, 7वीं और 11वीं शताब्दी के बीच कन्नौज पर केंद्रित त्रिपक्षीय संघर्ष हुआ था; यह संघर्ष किन तीन साम्राज्यों के बीच में हुआ?**

(a) Cholas, Cheras and Pandyas/चोल, चेर और पाण्डय

(b) Pal, Rashtrakuta and Gurjar Pratihar/पाल, राष्ट्रकूट और गुर्जर प्रतिहार

(c) Ang, Gandhar and Magadh/अंग, गांधार और मगध

(d) Maurya, Chalukya and Pallavas/मौर्य, चालुक्य और पल्लव

**KVS JSA 23/02/2018 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** भारतीय इतिहास में हर्षवर्धन के शासनकाल से ही कन्नौज पर नियंत्रण उत्तर भारत पर प्रभुत्व का प्रतीक माना जाता था। गुजरात एवं राजपूताना के गुर्जर-प्रतिहार, बंगाल के पाल तथा दक्कन के राष्ट्रकूट का कन्नौज पर आधिपत्य के लिए लगभग 200 वर्षों तक इन तीन महाशक्तियों के बीच होने वाले संघर्ष को ही त्रिपक्षीय संघर्ष कहा गया है। इस संघर्ष में अंतिम सफलता गुर्जर-प्रतिहारों को मिली।

**18. Identify that ancient Indian Treatise whish was traditionally composed by kautilya on the admistrative expertise, economic policy and military strategies, who is also known as Vishnu gupta and Chanakya.**
**उस प्राचीन भारतीय ग्रंथ को पहचानें जो राज्य कौशल, आर्थिक नीति और सैन्य रणनीतियों पर परंपरागत रूप से कौटिल्य द्वारा रचा गया माना जाता है, जो विष्णुगुप्त और चाणक्य के रूप में भी पहचाने जाते हैं।**

(a) Rajdharm/राजधर्म

(b) Arthashastra/अर्थशास्त्र

(c) Nitishastra/नीतिशास्त्र

(d) Rajyashastra/राज्यशास्त्र

**KVS JSA 20/02/2018 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** 'अर्थशास्त्र' चन्द्रगुप्त मौर्य के गुरू एवं मंत्री चाणक्य द्वारा लिखा गया राजनीति सिद्धान्त, विधि का आर्थिक नीति तथा सैन्य कौशल सम्बन्धी पुस्तक है। अर्थशास्त्र में 15 अधिकरण, 150 अध्याय तथा 6000 श्लोक हैं। कौटिल्य कृत अर्थशास्त्र में राज्य के 'सप्ताङ्ग सिद्धान्त' दिए गए हैं- राजा, अमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, दण्ड तथा मित्र।

**19. Which epic is considered the world's largest epic?**
**कौन सा महाकाव्य, विश्व का सबसे बड़ा महाकाव्य माना जाता है?**

(a) Odissi/ओडिसी

(b) Ramayana/रामायण

(c) Mahabharata/महाभारत

(d) Iliad/इलियड

**NVS LDC (JNV CADRE) 16/09/2019 (Shift-III)**

**Ans. (c) :** महाभारत विश्व का सबसे बड़ा महाकाव्य है। महाभारत, संस्कृत भाषा में वेद व्यास द्वारा लिखा गया था। महाभारत की उत्पत्ति वैदिक काल से होती है। जबकि 'ओडिसी' होमर द्वारा रचित प्रमुख यूनानी महाकाव्यों में से एक है तथा 'रामायण' भारत के महाकाव्य में से एक है जो वाल्मीकि द्वारा लिखित है। 'इलियड' के लेखक होमर है।

**20. Nagara, Dravida and Vesara styles of architecture, which evolved during the medieval period in India, were associated with ______.**
**भारत में मध्ययुग के दौरान विकसित हुई वास्तुकला की नागर, द्रविड़ और वेसर शैलियां ______ से संबंधित थीं।**

(a) Palaces/महलों

(b) Town Planning/नगर योजना

(c) Forts/किलों

(d) Temples/मंदिरों

**NVS (MTS) 10/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (d) :** भारत में मध्ययुग के दौरान विकसित हुई वास्तु कला की नागर, द्रविड़, और वेसर शैलियाँ मन्दिरो के निर्माण से संबंधित थी। नागर शैली संरचनात्मक स्थापत्य की एक शैली है, जो

हिमालय से लेकर विध्यं पर्वत तक के क्षेत्रों में प्रचलित थी। कृष्णा नदी से लेकर कन्याकुमारी तक द्रविड़ शैली के मन्दिर पाए जातें हैं। नागर और द्रविड़ शैलियों के मिले-जुले रूप को बेसर शैली कहते हैं। इस शैली के मन्दिर विंध्याचल पर्वत से लेकर कृष्णा नदी तक पाए जातें हैं।

**21. In which state is the famous Khajuraho Temple located?**
**प्रसिद्ध खजुराहो मंदिर किस राज्य में स्थित है?**

(a) Punjab/पंजाब
(b) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़
(c) Jammu & Kashmir/जम्मू और कश्मीर
(d) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश

**NVS LDC (JNV CADRE) 16/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** प्रसिद्ध खजुराहों मंदिर 'मध्य प्रदेश' राज्य में स्थित है। यह मन्दिर चन्देल राजाओं के समय 950 ई0 से 1050 ई. के मध्य बनाए गये थे। इन मंदिरों में कन्दरिया महादेव का मंदिर विश्व प्रसिद्ध है।

**22. Who among the following build the famous Khajuraho Temples?**
**निम्नलिखित में से किसने प्रसिद्ध खजुराहों मंदिरों का निर्माण किया था?**

(a) Parmar/परमार
(b) Bundela/बुंदेला
(c) Chauhan/चौहान
(d) Chandel/चन्देल

**NVS LDC (JNV CADRE) 16/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** खजुराहों के मंदिरों का निर्माण चंदेल शासकों ने किया था। इस वंश का संस्थापक नन्नुक था। इनकी राजधानी खजुराहों थी। प्रारंभ में इसकी राजधानी कालिंजर (महोबा) थी।

**23. The Chola temple of Chidambram belongs to which of the following religious group?**
**चिदंबरम का चोल मंदिर निम्न में से किस धार्मिक समूह का है?**

(a) Alvars/ अलवार
(b) Jaina/ जैन
(c) Nayanars/ नयनार
(d) Vedic/ वैदिक

**KVS TGT 2018**

**Ans. (c) :** चिदंबरम मंदिर, तमिलनाडु के चिदंबरम में अवस्थित है जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर वास्तुकला की द्रविड़ शैली में बनाया गया था। नयनार भगवान शिव को समर्पित संतों का समूह था।

**24. Which of the following is not an example of a rock cut cave?**
**निम्न में से कौन चट्टानों को काटकर बनाई गई गुफा का उदाहरण नहीं है?**

(a) Konark/कोणार्क
(b) Alora/एलोरा
(c) Ajanta/अजंता
(d) Bagh/बाघ

**NVS PGT (Chemistry) 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (a) :** कोणार्क का सूर्य मंदिर चट्टानों को काटकर बनाया गया गुफा नहीं है। यह एकाश्म पत्थर से बना एक रथ मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण गंग वंश के शासक नरसिंह वर्मन –I ने 13वीं शताब्दी में करवाया था। यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है। यह मंदिर कलिंग वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है। इसे 1984 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल कर लिया गया।

**25. Match the following-**
**निम्नलिखित का मिलान कीजिए-**

| | |
|---|---|
| A Govind/ गोविंद | 1. Rashtrakuta/ राष्ट्रकूट |
| B Aryabhatta/ आर्यभट्ट | 2. Gupta Vansh/ गुप्त वंश |
| C Banbhatta/ बाणभट्ट | 3. Harshvardhan/ हर्षवर्धन |
| D Samudra Gupta/ समुद्र गुप्त | 4. Indian Nepoleon/ भारतीय नेपोलियन |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**KVS PRT 13/02/2011**

**Ans. (b) :** सही मिलान इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| गोविंद | – | राष्ट्रकूट |
| आर्यभट्ट | – | गुप्तवंश |
| बाणभट्ट | – | हर्षवर्धन |
| समुद्रगुप्त | – | भारतीय नेपोलियन |

**26. Arrange the following eras in the chronological order:**
**निम्नलिखित युगों को कालानुक्रम में व्यवस्थित करें?**

**(1) Harsha Era**
**(1) हर्ष संवत**
**(2) Kalchuri Era**
**(2) कलचुरी संवत**
**(3) Valabhi Era**
**(3) वल्लभी संवत**
**(4) Vikrama Era**
**(4) विक्रम संवत**

**Code/कूट :**

(a) (4) (2) (3) (1)
(b) (1) (2) (3) (4)
(c) (2) (4) (1) (3)
(d) (4) (3) (2) (1)

**KVS TGT Work Experience 2018**

**Ans. (a) :**

| **सम्वत्** | **-** | **काल** |
|---|---|---|
| विक्रम संवत | - | 57 ई. |
| कलचुरि संवत | - | 247 ई. |
| वल्लभी संवत | - | 319 ई. |
| हर्ष संवत | - | 606 ई. |

# 02. मध्यकालीन इतिहास (Medieval History)

**1. In which of the following geographical regions Al-Baruni was born in 973?**
**973 में इनमें से किस भौगोलिक क्षेत्र में अल-बरूनी का जन्म हुआ था?**
(a) Tajikistan/ ताजिकिस्तान
(b) Uzbekistan/ उज्बेकिस्तान
(c) Turkmenistan/ तुर्कमेनिस्तान
(d) Afghanistan/ अफगानिस्तान

**KVS TGT 2018**

**Ans. (b) :** अबु रेहान अलबरूनी (मुहम्मद बिन अहमद), 973 ई. में उज्बेकिस्तान में पैदा हुआ था। वह एक फारसी विद्वान, लेखक, वैज्ञानिक, धर्मज्ञ तथा विचारक था। इसकी प्रसिद्ध पुस्तक 'तहकीक-ए-हिन्द' है। यह पुस्तक तत्कालीन इतिहास को जानने का प्रमुख साधन है।

**2. Name the Sultan of Delhi who shifted his capital from Delhi to Deogiri?**
**दिल्ली के उस सुल्तान का नाम बताइए जिसने अपनी राजधानी दिल्ली से देवगिरी स्थानांतरित की?**
(a) Muhammad Bin Tughlak/मुहम्मद बिन तुगलक
(b) Qutbuddin Aibak/ कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) Alauddin Khilji/ अलाउद्दीन खिलजी
(d) Ibrahim Lodhi/ इब्राहिम लोदी

**NVS PGT (Maths) 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** दिल्ली के सुल्तान मोहम्मद-बिन-तुगलक (1325-1351 ई0) ने 1327 ई. में दिल्ली से अपनी राजधानी देवगिरि स्थानांतरित किया तथा देवगिरि का नाम बदलकर 'दौलताबाद' रखा। मोहम्मद-बिन-तुगलक का मूल नाम जौना खाँ था तथा उसने उलूग खाँ की उपाधि धारण की थी। इसी के शासनकाल में मोरक्को का यात्री इब्नबतूता (1333 ई.) भारत आया था तथा रेहला नामक पुस्तक की रचना की थी। मोहम्मद-बिन-तुगलक ने कृषि की उन्नति के लिए 'अमीर-ए-कोही' नामक विभाग की स्थापना की।

**3. Which of the following gets was described by Ibn-e-Batuta as the best in the security system of Delhi?**
**दिल्ली की सुरक्षा प्राचीर में निम्न में से कौन-सा इब्न-ए-बतूता के द्वारा सबसे उत्तम दरवाजा बताया गया?**
(a) Delhi Darwaza/दिल्ली दरवाजा
(b) Mandvi Darwaza/माण्डवी दरवाजा
(c) Gul Darwaza/गुल दरवाजा
(d) Badaun Darwaza/बदायूँ दरवाजा

**KVS PRT 22/12/2018 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** बदायूं दरवाजा की पहचान इब्न-ए-बतूता द्वारा दिल्ली की रक्षा दीवार में सबसे बड़े द्वार के रूप में की गई है। इब्न बतूता द्वारा अरबी भाषा में लिखा गया उसका यात्रा वृतांत जिसे 'रेहला' कहा जाता है चौदहवीं शताब्दी में भारतीय उपमहाद्वीप के सामाजिक तथा सांस्कृतिक जीवन के विषय में बहुत ही प्रचुर तथा रोचक जानकारियाँ देता है। यह मोरक्को का निवासी था।

**4. Which of the following is the correct chronological order of ruling dynestics with the earliest ruling dynasty placed at first in the sequence?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा वंशों का सही कालानुक्रम है, जिसमें सबसे पहले शासक वंश को क्रम में पहले रखा गया हो?**
(a) The Lodi, the Sayyid, the Tuglaq/लोदी वंश, सैयद, तुगलक
(b) The Sayyid, the Tuglaq, the Lodi/सैयद, तुगलक, लोदी वंश
(c) The Tuglaq, the Lodi, the Sayyid/तुगलक, लोदी वंश, सैयद
(d) The Tuglaq, the Sayyid, the Lodi/तुगलक, सैयद, लोदी वंश

**Ans. (d) :** खिलजी वंश के बाद दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाले राजवंशो का सही कालानुक्रमिक क्रम इस प्रकार है-
- तुगलक वंश → 1320 - 1414
- सैय्यद वंश → 1414 - 1451
- लोदी वंश → 1451 - 1526

**5. Where was the capital of the Yadavas (syunas) located?**
**यादवों की राजधानी ( स्यूनास ) कहां स्थित थी?**
(a) Amravati/अमरावती (b) Ujjain/उज्जैन
(c) Devgiri/देवगिरी (d) Khajuraho/खजुराहो

**NVS LDC (JNV CADRE) 16/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** यादवों की राजधानी (स्यूनास) देवगिरी में स्थित थी। इस वंश की स्थापना भिल्लम पंचम ने की थी। संगीतशास्त्री सारंगदेव राजा सिंहन द्वितीय के दरबारी थे जिन्होंने 'संगीत रत्नाकर' नामक ग्रन्थ की रचना की थी। सिंहन द्वितीय इस वंश का सबसे प्रतापी शासक था।

**6. Vijaynagar kingdom reached its zenith of excellence during the ruling period of ____?**
**विजयनगर साम्राज्य राजा_______के शासन काल में अपने चरम पर पहुँच गया था।**
(a) Veer Narsingh Rai/वीर नरसिंह राय
(b) Krishna Dev Raya/कृष्ण देव राय
(c) Harihar I/हरिहर I
(d) Tulav Narsa Nayak/तुलुव नरसा नायक

**KVS JSA 20/02/2018 (Shift-III)**

**Ans. (b) :** विजयनगर साम्राज्य की स्थापना 1336 में हरिहर एवं बुक्का ने की थी। विजयनगर पर चार राजवंशों क्रमशः संगम, सालुव, तुलुव तथा अरावीडु ने शासन किया जिसमें तुलुव वंश के

कृष्ण देव राय सबसे प्रसिद्ध शासक हुए। कृष्ण देव राय के शासन काल में विजयनगर साम्राज्य अपने चरम पर पहुँच गया था। इन्होंने तेलुगु में एक ग्रन्थ 'अमुक्त माल्यद' की रचना की।

**7. Which emperor established the Gajapati Empire in the Indian Subcontinent?**
**किस सम्राट ने भारतीय उपमहाद्वीप में गजपति साम्राज्य की स्थापना की?**

(a) Kakharua Dev/कखरुआ देव
(b) Prataparudra Dev/प्रतापरुद्र देव
(c) Kapilendra Dev/कपिलेंद्र देव
(d) Purushottam Dev/पुरुषोत्तम देव

**NVS PGT (Economics) 19/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** गजपति साम्राज्य की स्थापना सम्राट कपिलेन्द्र देव (1434-1466 ई.) ने की थी। इनके शासनकाल के दौरान साम्राज्य की सीमाओं का अत्यधिक विस्तार किया गया था। इस राजवंश के महत्त्वपूर्ण शासक पुरूषोत्तम देव (1467-1497 ई.) और प्रतापरूद्र देव (1497-1540 ई.) थे। इस वंश के अंतिम शासक कखरूआ देव थे।

**8. Fatwa-e-Alamgiri, a collection of Muslim laws, was written during the reign of which of the following kings?**
**फतवा-ए-आलमगिरी, मुस्लिम कानूनों का एक संग्रह, निम्नलिखित में से किस राजा के शासनकाल में लिखा गया था?**

(a) Nadir Shah/नादिर शाह
(b) Firoz Shah Tughlaq/फिरोज शाह तुगलक
(c) Aurangzeb/औरंगजेब
(d) Tipu Sultan/टीपू सुल्तान

**NVS PGT (Hindi) 18/09/2019 (Shift-I)**

**Ans. (c) :** 'फतवा-ए-आलमगिरी' शरीयत कानूनों की ऐतिहासिक कृति है, जो मुगल बादशाह औरंगजेब के शासन काल में विधिवेत्ताओं के एक दल द्वारा तैयार की गई थी।

**9. What was the name of the military general in Mughal empire who guided and took care of Akbar in his initial days when Akbar ascended the throne at the age of 14 years?**
**मुगल साम्राज्य में उस सेनापति का क्या नाम था जिसने अपने शुरूआती दिनों में अकबर का मार्गदर्शन और देखभाल किया था जब अकबर 14 साल की उम्र में सिंहासन पर बैठा था?**

(a) Todar Mal/ टोडरमल
(b) Man Singh/ मानसिंह
(c) Bairam Kham/ बैरम खां
(d) Adham Khan/ अधम खान

**NVS PGT (Biology) 17/09/2019 (Shift-II)**

**Ans. (c) :** बैरम खान एक सैन्य कमाण्डर था। उसने मुगल सम्राट हुमायूँ के पुत्र अकबर को संरक्षण (1556-1560) प्रदान किया था। अकबर 14 वर्ष की उम्र में गद्दी पर बैठा था। बैरम खॉ ने अकबर के साम्राज्य विस्तार में सहायता की थी।

**10. Which of the following Mughal Emperors fought the battele of Ghaghra in 1529?**
**निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने 1529 में घाघरा युद्ध लड़ा?**

(a) Babur/बाबर
(b) Shahjahan/शाहजहाँ
(c) Jahangir/जहाँगीर
(d) Akbar/अकबर

**NVS Electrician Cum Plumber 08/03/2022 (Shift-III)**

**Ans. (a) :** 1529 में घाघरा की लड़ाई सुल्तान महमूद लोदी (अफगान) और बाबर (भारत में मुगल साम्राज्य के संस्थापक) के बीच लड़ी गई थी। इस लड़ाई में बाबर ने महमूद लोदी को पराजित किया था। घाघरा का युद्ध भारत में मुगलों के लिए निर्णायक युद्ध था, क्योंकि इससे उत्तर भारत में मुगलों का पूर्ण नियंत्रण हो गया था।

**11. The title 'golden pen' awarded to calligraphers at the Mughal court was known as:**
**मुगल दरबार में सुलेखकों को प्रदान की जाने वाली 'स्वर्ण कलम' उपाधि को क्या कहा जाता है?**

(a) Ambarin qalam/ अंबरिन कलम
(b) Zarin qalam/ ज़ारिन कलम
(c) Roshan qalam/ रोशन कलम
(d) Kamtarin qalam/ कामतारिन कलम

**KVS TGT 2018**

**Ans. (b) :** अकबर के दरबार के सबसे अच्छे सुलेखकों में मुहम्मद हुसैन एक थे। उन्हें अपने अक्षरों के पूरी तरह से आनुपातिक वक्रता की मान्यता में जारिन कलम (Golden Pen) की उपाधि से सम्मानित किया गया था। मुगल बादशाह जहाँगीर द्वारा अब्द-अल-रहीम को अम्बरिन कलम (एम्बर पेन) की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

**12. Which among the following factors was not responsible for expansion of agriculture during the Mughal Period?**
**निम्नलिखित में से कौन सा कारक मुगल काल के दौरान कृषि के विस्तार के लिए जिम्मेदार नहीं था?**

(a) Mobility of peasants/किसानों की गतिशीलता
(b) Abundance of land/भूमि की बहुतायत
(c) Rain fed agriculture/वर्षा आधारित कृषि
(d) Available Labour/उपलब्ध श्रम

**KVS TGT Work Experience 2018**

**Ans. (c) :** मुगल काल में जमीन की बहुतायत, मजदूरो की मौजूदगी और किसानों की गतिशीलता की वजह से कृषि का लगातार विस्तार हुआ। चूँकि खेती का प्राथमिक उद्देश्य लोगों का पेट भरना था इसलिए रोजमर्रा के खाने की जरूरते जैसे- चावल, गेहूँ, ज्वार इत्यादि फसलें सबसे ज्यादा उगाई जाती थी। जिन इलाकों में प्रति वर्ष 40 इंच या उससे ज्यादा बारिश होती थी वहाँ कमोवेश चावल की खेती होती थी। कम और कमतर बारिश वाले इलाकों में क्रमशः गेहूँ व ज्वार-बाजरे की खेती ज्यादा प्रचलित थी।

13. **Dara Shikoh was the son of which of the following Mughal Emperors?**
**दारा शिकोह निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट का पुत्र था?**
(a) Babur/बाबर
(b) Jahabgir/जहाँगीर
(c) Shahjahan/शाहजहाँ
(d) Aurangzeb/औरंगजेब

**NVS Electrician Cum Plumber 09/03/2022 (Shift-II)**

**Ans.(c) :** 'दारा शिकोह' मुगल सम्राट शाहजहाँ का पुत्र था। इसने भगवद्‌गीता, उपनिषद्, योगवशिष्ट एवं रामायण का अनुवाद फारसी में करवाया। इसने 'सिर्र-ए-अकबर' नाम से 'उपनिषदों' का अनुवाद फारसी में किया था।

**Read the following paragraph to understand the context information and answer the following questions related with given context.**
**The First Battle of Delhi took place between the Maratha Empire and the Mughals. Marathas attacked the Mughal imperial capital at Delhi and defeated a well-trained Mughal Army. The Nizam of Hyderabad and the Nawab of Bhopal left Hyderabad to protect the Mughal Empire from the invasion of the Marathas, but they were defeated decisively in the Battle of Bhopal.**
**निर्देशः संदर्भ जानकारी को समझने के लिए निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़े और दिये गये संदर्भ से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।**
**दिल्ली की पहली लड़ाई मराठा साम्राज्य और मुगलों के मध्य हुयी थी मराठों ने दिल्ली में मुगल साम्राज्य की राजधानी पर हमला किया और एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित मुगल सेना को हराया। हैदराबाद के निजाम तथा भोपाल के नवाब ने मराठों के आक्रमण से मुगल साम्राज्य की रक्षा के लिए हैदराबाद छोड़ दिया, लेकिन भोपाल की लड़ाई में उन्हें निर्णायक रूप से पराजित किया गया।**

14. **In which place was the battle given in the passage fought?**
**गद्यांश में दी गयी लड़ाई किस स्थान पर लड़ी गयी थी?**
(a) Talkatora/ताल कटोरा
(b) Dhauli/धौली
(c) Kapu/कापू
(d) Palashi/पलाशी

**NVS Female Staff Nurse 08/03/2022 (Shift-I)**

**Ans.(a) :** 28 मार्च, 1737 को दिल्ली के निकट ताल कटोरा में मुगल साम्राज्य तथा मराठों के मध्य युद्ध हुआ था। यह मराठों और मुगलों के मध्य हुयी दिल्ली की पहली लड़ाई थी।

15. **In which year was the battle discussed in the passage fought?**
**गद्यांश में चर्चित युद्ध किस वर्ष लड़ा गया था।**
(a) 1744 (b) 1735
(c) 1741 (d) 1737

**NVS Female Staff Nurse 08/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (d) :** ताल कटोरा का युद्ध 28 मार्च 1737 को लड़ा गया था। इस युद्ध में मराठों की विजय हुयी तथा मुगल राजा को एक संधि पर हस्ताक्षर करना पड़ा, जिसमें मराठों को मालवा प्रांत, नर्मदा तथा चंबल के मध्य के क्षेत्र का कर और युद्ध व्यय के रूप में 50 लाख रुपये देने का वादा किया गया।

16. **What was name of the Peshwa of Maratha empire who was involved in the battle given in the passage?**
**मराठा साम्राज्य के उस पेशवा का क्या नाम था जो गंद्यांश में दी गई लड़ाई में शामिल था?**
(a) Raghunath rao Bhat/रघुनाथ राव भट्ट
(b) Bajirao Ballal/बाजीराव बल्लाल
(c) Bahiroji Ballal/बहिरोजी बल्लाल
(d) Madhavrao Ballal/माधवराव बल्लाल

**NVS Female Staff Nurse 08/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (b) :** 28 मार्च 1737 को तालकटोरा में हुये मुगल तथा मराठा युद्ध में मराठा साम्राज्य का नेतृत्व मराठा पेशवा बाजीराव प्रथम, जिन्हें बाजीराव बल्लाल भट्ट के नाम से भी जाना जाता है।

17. **Who was the Mughal emperor when the battle discussed in the passage was fought?**
**जब उपरोक्त युद्ध लड़ा गया था तो मुगल सम्राट कौन था?**
(a) Muhammad Shah/मुहम्मद शाह
(b) Rafi ud-Darajat/रफी उद-दरजात
(c) Shah Jahan II/शाहजहाँ द्वितीय
(d) Ahmad Shah Bahadur/अहमद शाह बहादुर

**NVS Female Staff Nurse 08/03/2022 (Shift-I)**

**Ans. (a) :** मुहम्मद शाह 28 मार्च 1737 को हुये तालकटोरा के मुगल-मराठा युद्ध के दौरान मुगल सम्राट थे। दिल्ली पर मराठों की विजय ने दिल्ली को कमजोर कर दिया जो नादिरशाह (1739) तथा अहमद शाह अब्दाली के क्रमिक आक्रमणों के पश्चात् और अधिक कमजोर हो गया।

18. **Which sufi saint's dargah is loacated in Ajmer?**
**अजमेर में किस सूफी संत की दरगाह है?**
(a) Salim Chishti/सलीम चिश्ती
(b) Moinuddin Chishti/मोइनुद्दीन चिश्ती
(c) Baba Farid/बाबा फरीद
(d) Hazrat Nizamuddin/हजरत निजामुद्दीन

**KVS PRT 13/02/2011**

**Ans. (b) :** अजमेर में सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह है। यह भारत में चिश्ती सम्प्रदाय के संस्थापक थे। इन्होंने ईश्वर के साथ एकात्मकता पर जोर दिया। चिश्ती सम्प्रदाय भारत में सबसे लोकप्रिय इस्लामिक सम्प्रदाय था।